## वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 11.09.2025 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर",अमर उजाला, आज, हिन्दुस्तान, ज्ञानशिखा टाइम्स जनवार्ता, परफेक्ट मिशन,"समाचार पत्र कटिंग का विवरण।

### अमर उजाला–दि0 11.09.2025

## अवैध प्लॉटिंग को चिह्नित कर कराएं ध्वस्त : वीडीए

**वाराणसी।** वीडीए के अपर सचिव डॉ. गुडाकेश शर्मा ने बुधवार को वीडीए सभागार में बैठक की। शहर में हो रहे अनियोजित विकास और अवैध प्लॉटिंग के ध्वस्तीकरण के निर्देश दिए। लंबित शमन मानचित्रों के निस्तारण करने को कहा। स्वीकृत शमन पत्रावली के सापेक्ष बकाया शमन शुल्क जमा न करने वालों पर कार्रवाई के निर्देश जोनल अधिकारी को दिए। सील मामलों की जांच और बेसमेंट खाली करवा कर पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। सचेत किया कि अधिकतम 1 सप्ताह में जनशिकायतों का निस्तारण सुनिश्चित कराया जाए। शिवपुर, सिकरौल में शमन शुल्क के मद में 59,22,424 रुपये जमा कराया गया। ब्यूरो

## वीडीए ने स्कूल मानचित्र को दी स्वीकृति

**वाराणसी।** वीडीए की ओर से एसएएस विद्यापीठ फाउंडेशन के निदेशक यश पांडे, अनीश पांडे की ओर से अनंतपुर कसवार में 5988.76 वर्ग मीटर के उच्च माध्यमिक विद्यालय भवन योजना का मानचित्र पेश किया गया। जिसकी स्वीकृति वीडीए ने दी है। विकासकर्ता की ओर से 2.0 एफएआर का उपयोग किया गया है। प्रस्तावित स्कूल में 570 वर्ग मीटर का हरित मैदान उपलब्ध है। बिल्ड-अप क्षेत्रफल 9878 वर्ग मीटर है। ब्यूरो

## वीडीए ने दो अवैध निर्माण सील किए

**वाराणसी।** वीडीए की ओर से बुधवार को नगवां में दो अवैध निर्माण सील कर पुलिस अभिरक्षा में सुपुर्द किया गया। शशि कुमार पाल की ओर से अमरा वार्ड में बगैर मानचित्र स्वीकृत कराए 1100 वर्गफीट में व्यावसायिक निर्माण कराया जा रहा था। जिसे सील किया गया। रिंकू गुप्ता ने खुशीपुर में बगैर मानचित्र स्वीकृत कराए 2700 वर्ग फीट में काम हो रहा था। ब्यूरो

### अमर उजाला–दि0 11.09.2025

## कचहरी से आंबेडकर चौराहे तक बनेगी संविधान वॉल

माई सिटी रिपोर्टर

**वाराणसी।** कचहरी से आंबेडकर चौराहे तक संविधान वॉल का निर्माण कराया जा रहा है। संविधान की प्रस्तावना का 5 मीटर ऊंचा शिलापट्ट लगाया जाएगा। दीवार पर प्रधानमंत्री के संविधान संबंधी विचार बैकलिट साइनेज के रूप में प्रदर्शित होंगे। शहर के सुंदरीकरण की दिशा में वीडीए ने पहल की है।

वीडीए की ओर से संविधान वॉल से लेकर थीमैटिक लाइटिंग तक का कार्य कराया जा रहा है। शहर को आकर्षक, सुरक्षित एवं सांस्कृतिक रूप से समृद्ध बनाने के उद्देश्य से कार्य कराए जा रहे हैं। इन कार्यों का मुख्य लक्ष्य है कि नागरिकों को सुरक्षित एवं सुगम यातायात व्यवस्था, स्वच्छ वातावरण और बेहतर शहरी अनुभव को उपलब्ध कराना है।

वाराणसी को सुसज्जित करने वाले कई कार्य कराए जा रहे हैं। इसमें मिंट हाउस जंक्शन पर रंगीन जेब्रा क्रॉसिंग होगी। टैक्टिकल अर्बनिज्म के तहत जेब्रा क्रॉसिंग को आकर्षक रंगों से सजाया जाएगा। नो पार्किंग एरिया को हाईलाइट किया जाएगा। विक्ट्री ब्रिज से ताज होटल तक मीडियन पर थीमैटिक लाइटिंग की जाएगी। पेड़ों से लटकने वाली लाइटें (मंदिर की घंटी, दीया आदि) लगाई जाएगी।

### शहर के प्रमुख स्थानों पर लगेंगे साइनेज बोर्ड

शहर के प्रमुख स्थानों पर साइनेज बोर्ड की स्थापना की जाएगी। इनमें आंबेडकर चौराहा, ताज होटल के सामने, खादी शॉप के सामने, पुलिस लाइन क्रॉसिंग से अशापुर की ओर, कचहरी से सर्किट हाउस मार्ग, ताज होटल के सामने यूनिफॉर्म साइनेज की स्थापना की जाएगी। ताज के सामने एकरूपता सुनिश्चित करने के लिए समान डिजाइन वाले साइनेज बोर्ड लगाए जा रहे हैं।

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


## आज–दि0 11.09.2025

### विप्रा ने शहर के सुंदरीकरण में एक कदम और बढ़ाया

शहर के सौंदर्यीकरण में विकास प्राधिकरण अब थीमैटिक लाइटिंग के आधुनिक करण को सड़क पर उतार रहा है जिससे कि लोगों का आकर्षण बढ़ेगा। यह आकर्षण सुरक्षित एवं सांस्कृतिक रूप में दर्शायेगा। नागरिकों को सुरक्षित एवं सुगम यातायात व्यवस्था के लिए स्वच्छ वातावरण भी उपलब्ध करायेगा। शुरू में कचहरी जंक्शन श्री अम्बेडकर सर्किल तक संविधान बाल का निर्माण हुआ। इसकी प्रस्तावना लगभग पांच मीटर ऊंचा शीलापट्ट स्थापित की जायेगी। दीवार पर प्रधान मंत्री के संविधान संबंधि विचार का बैक लिट साइनज के रूप में प्रदर्शित होगा। इसमें प्रधान मंत्री के प्रमुख विचार हैं कि हमारा संविधान हमारे वर्तमान हमारे भविष्य का मार्ग दर्शक है, हमारा संविधान भारत की एकता का आधार है। इसी तरह मिंट हाउस जंक्शन पर जेब्रा क्रासिंग का निर्माण किया जायेगा जिसमें टैक्टिकल अर्बनिज्म के अंतर्गत इसे विभिन्न रंगों से सजाया जायेगा। नो पार्किंग एरियां को हाईलाईट से दर्शाया जायेगा। इसके अलावा वाहन चालकों का ध्यान आकर्षित करने के लिए पैदल यात्रियों को सुरक्षित रूट से निर्धारित क्रासिंग का उपयोग होगा। विक्ट्री विजय के ताज होटल तक



मीडियन थीमैटिंग लाइटिंग की व्यवस्था होगी इसमें पेड़ों से लटकने वाली लाईट मंदिर की घंटी, दिया लगायी जायेंगी जो कि लोगों का आकर्षण केंद्र बनेगा। शहर के प्रमुख स्थानों पर साइनेज बोर्ड की स्थापना होगी इसके लिए अंबेडकर पार्क चौरहा, पांच सितारा होटल, खादी शाप, पुलिस लाईन क्रासिंग से आशापुर और कचहरी से सर्किट हाउस तक स्थान चिह्नित किया गया है। इसी प्रकार पांच सितार होटल के सामने यूनिफार्म साइन की स्थापना हुई है। ताज के सामने एकरुपता दिखायी देगी जिसे डिजाइन वाले साइनेज बोर्ड लगाये जायेंगे जिससे आगंतुओं को सुगमता से दिशा–निर्देश मिल सके।

## ज्ञानशिखा टाइम्स–दि0 11.09.2025

### वाराणसी विकास प्राधिकरण के अपर सचिव ने की समीक्षा बैठक

वाराणसी। विकास प्राधिकरण, वाराणसी के प्राधिकरण कक्ष में अपर





सचिव डॉ0 गुडाकेश शर्मा द्वारा जोन–1 की समीक्षा बैठक की गयी, समीक्षा बैठक के दौरान लम्बित शमन मानचित्रों की प्रकरणवार समीक्षा करते हुए शीघ्र मानचित्र निस्तारण हेतु निर्देश दिया गया। जोन–1 के वार्ड शिवपुर, सिकरौल एवं विन्यास में विगत दिनांक 01.09.2025 से दिनांक 07.09.2025 तक शमन शुल्क के मद में कुल धनराशि रू0 59,22,424.00 जमा कराया गया है तथा इस वित्तीय वर्ष 2025–26 में माह अप्रैल से अभी तक कुल शमन धनराशि रू0–4,01,31,418.00 जमा कराया गया है। स्वीकृत शमन पत्रावली के सापेक्ष बकाया शमन शुल्क जमा न करने वाले निर्माणकर्ताओं के विरूद्ध प्रभावी प्रवर्तन तथा विधिक कार्यवाही करने को भी जोनल अधिकारी को निर्देशित किया गया।सील प्रकरणों की जॉच एवं बेसमेण्ट खाली कराते हुए पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया गया है। जन शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु निर्देश दिया गया है एवं सचेत किया गया कि विलम्बतम 01 सप्ताह में जनशिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता पर सुनिश्चित किया जाय। शहर में हो रहे अनियोजित विकास एवं अवैध प्लाटिंग का चिन्हांकन करते हुए नियमानुसार प्रभावी कार्यवाही/ध्वस्तीकरण सुनिश्चित कराने हेतु निर्देश दिया गया है। साथ ही बैठक में अपर सचिव द्वारा सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारी को निर्देशित किया गया कि सौंपें गये कार्यों के प्रति कोई लापरवाही एवं शिथिलता न बरती जाय अन्यथा की स्थिति में सम्बन्धित के विरूद्ध प्रतिकूल दृष्टिकोण से देखा जायेगा। उक्त समीक्षा बैठक में जोन–1 के जोनल अधिकारी, शिवाजी मिश्रा, अवर अभियन्ता, रोहित कुमार, भवन लिपिक, श्रीमती किरन सिंह एवं समस्त फील्ड कार्मिक उपस्थित रहे।

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


## ज्ञानशिखा टाइम्स–दि0 11.09.2025

# शहर के सौन्दर्यीकरण की दिशा में वाराणसी विकास प्राधिकरण की पहल

वाराणसी विकास प्राधिकरण द्वारा शहर को आकर्षक, सुरक्षित एवं सांस्कृतिक रूप से समृद्ध बनाने के उद्देश्य से अनेक नवाचारपूर्ण कार्य गतिमान हैं। इन कार्यों का मुख्य लक्ष्य है – नागरिकों को सुरक्षित एवं सुगम यातायात व्यवस्था, स्वच्छ वातावरण और बेहतर शहरी अनुभव उपलब्ध कराना है कचहरी जंक्शन से आंबेडकर सर्किल तक 'संविधान वाल' का निर्माणदीवार पर माननीय प्रधानमंत्री जी के संविधान संबंधी विचार बैकलिट साइनज के रूप में प्रदर्शित होंगेत्री जी के संविधान संबंधी विचार



हमारा संविधान हमारे वर्तमान और हमारे भविष्य का मार्गदर्शक है। हमारा संविधान भारत की एकता का आधार है। मिंट हाउस जंक्शन पर रंगीन ज़ेब्रा क्रॉसिंगटैक्टिकल अर्बनिज़्म के अंतर्गत ज़ेब्रा क्रॉसिंग को आकर्षक रंगों से सजाया जाएगा।नो पार्किंग एरिया को हाईलाइट किया जाएगा।जिसका उद्देश्य वाहन चालकों का ध्यान आकर्षित करना एवं पैदलयात्रियों को सुरक्षित रूप से निर्धारित क्रॉसिंग का उपयोग करने हेतु प्रेरित करना है।विक्ट्री ब्रिज से ताज होटल तक मीडियन पर थीमैटिक लाइटिंगपेड़ों से लटकने वाली लाइटें (मंदिर की घंटी, दीया आदि) लगाई जाएँगी।जिससे रात्रि दृश्य को आकर्षक बनाया जा सके तथा सुरक्षा व्यवस्था और सुदृढ़ हो सके।

## हिन्दुस्तान–दि0 11.09.2025

# कचहरी से आंबेडकर चौराहे तक बनेगी संविधान वॉल

**वाराणसी।** शहर के चौराहों और प्रमुख मार्गों का सौंदर्यीकरण किया जा रहा है। रचनात्मकता के आधार पर थीम आधारित सौंदर्यीकरण के तहत वीडीए प्रशासन कचहरी से आंबेडकर चौराहे के बीच संविधान वॉल बनाएगा। इसमें भारत के संविधान की प्रस्तावना का पांच मीटर ऊंचा शिलापट्ट लगेगा।

दीवारों पर संविधान संबंधी विचार प्रदर्शित होंगे। जैसे 'हमारा संविधान भारत की एकता का आधार है'। इसके अलावा मिंट हाउस जंक्शन पर रंगीन जेब्रा क्रॉसिंग बनाई जा रही है। साथ ही विभिन्न जगहों पर नो पार्किंग एरिया को हाइलाइट किया जाएगा। जिसका उद्देश्य वाहन चालकों का ध्यान आकर्षित करना है। पैदल यात्रियों को सुरक्षित रूप से निर्धारित क्रॉसिंग का उपयोग करने के लिए प्रेरित करना है। पेड़ों से लटकने वाली लाइटें (मंदिर की घंटी, दीया आदि) लगाई जाएंगी। वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने कहा कि शहर को आकर्षक, सुरक्षित, सांस्कृतिक रूप से समृद्ध बनाने के उद्देश्य से यह कार्य कराए जा रहे हैं।

## जनवार्ता–दि0 11.09.2025

# सौन्दर्यीकरण की दिशा में वीडीए की पहल

**वाराणसी (जनवार्ता)।** शहर को आकर्षक, सुरक्षित और आधुनिक स्वरूप देने के उद्देश्य से वाराणसी विकास प्राधिकरण द्वारा कई सौन्दर्यीकरण कार्य किए जा रहे हैं। इनका मकसद नागरिकों को सुगम यातायात, स्वच्छ वातावरण और बेहतर शहरी अनुभव उपलब्ध कराना है। कचहरी जंक्शन से आंबेडकर सर्किल तक संविधान वाल का निर्माण हो रहा है। जिसमें संविधान की प्रस्तावना का 5 मीटर ऊँचा शिलापट्ट तथा प्रधानमंत्री के विचार बैकलिट साइनज पर अंकित किए जाएंगे और मिंट हाउस जंक्शन पर रंगीन जेब्रा क्रॉसिंग बनाई जाएगी। जिससे पैदलयात्रियों की सुरक्षा और वाहन चालकों की सतर्कता बढ़ेगी। इसके साथ ही विक्ट्री ब्रिज से ताज होटल तक मीडियन पर थीमैटिक लाइटिंग, शहर के प्रमुख स्थानों पर साइनेज बोर्ड और ताज होटल के सामने यूनिफॉर्म साइनेज स्थापित किए जा रहे हैं। इन पहलों से न केवल शहर का सौन्दर्य निखरेगा बल्कि पर्यटन और जनसुविधाओं को भी बढ़ावा मिलेगा।




## परफेक्ट मिशन–दि0 11.09.2025

# वीडीए अपर सचिव ने की जोन 01 की समीक्षा

## जनशिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता पर किया जाए : डॉ गुणाकेश

**परफेक्ट मिशन**



**वाराणसी।** वीडीए उपाध्यक्ष के निर्देशों के क्रम में वाराणसीद्य विकास प्राधिकरण, वाराणसी के प्राधिकरण कक्ष में अपर सचिव डॉ0 गुडाकेश शर्मा ने जोन–1 की समीक्षा बैठक की गयी, समीक्षा बैठक के दौरान लम्बित शमनद्य मानचित्रों की प्रकरणवार समीक्षा करते हुए शीघ्र मानचित्र निस्तारण हेतु निर्देश दिया।

जोन–1 के वार्ड शिवपुर, सिकरौल एवं विन्यास में विगत 01.09.2025 से 07.09.2025 तक शमन शुल्क के मद में कुल धनराशि रू0 59,22,424.00 जमा करायाद्य गया है तथा इस वित्तीय वर्ष 2025–26 में माह अप्रैल से अभी तक कुल शमन धनराशि रू0–4,01,31,418.00 जमा कराया गया है। स्वीकृत शमन पत्रावली के सापेक्ष बकाया शमन शुल्क जमा न करने वाले निर्माणकर्ताओं के विरूद्ध किया गया। सील प्रकरणों की जॉच एवं बेसमेण्ट खाली कराते हुए पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया गया है। जन शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु निर्देश दिया गया है एवं सचेत किया गया कि विलम्बतम 01 सप्ताह में जनशिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता पर सुनिश्चित किया जाय। शहर में हो रहे अनियोजित विकास एवं अवैध प्लाटिंग का चिन्हांकन करते हुए नियमानुसार प्रभावी कार्यवाही/ ध्वस्तीकरण सुनिश्चित कराने हेतु निर्देश दिया गया । साथ ही बैठक में अपर सचिव द्वारा सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारी को निर्देशित किया गया कि सौपें गये कार्यो के प्रति कोई लापरवाही एवं शिथिलता न बरती जाय अन्यथा की स्थिति में सम्बन्धित के विरूद्ध प्रतिकूल दृष्टिकोण से देखा जायेगा। समीक्षा बैठक में जोन–1 के जोनल अधिकारी शिवाजी मिश्रा, अवर अभियन्ता रोहित कुमार, भवन लिपिक किरन सिंह एवं समस्त फील्ड कार्मिक उपस्थित रहे।